भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 1798
उत्तर देने की तारीख : 02 मार्च, 2020

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के नवीकरण के लिए पंचवर्षीय योजना

1798. श्री एस.आर. पार्थिबन :

क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मंत्रालय ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के नवीकरण तथा संग्रहालयों आदि की स्थापना के लिए पंचवर्षीय योजना तैयार की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और प्रत्येक वर्ष के लिए कितनी धनराशि का बजट है;

(ग) क्या पुरातत्व, संग्रहालय विज्ञान, संरक्षण आदि के लिए प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या विशेष रूप से कीलाडी, तमिलनाडु में, जहां समृद्ध भंडार पाए गए थे, उत्खनन के लिए किसी निधि का आबंटन किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
(श्री प्रहलाद सिंह पटेल)
संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(क) : जी, नहीं। कोई भी एसआई- विशिष्ट योजना प्रस्तावित नहीं है।

(ख) : प्रश्न नहीं उठता।

(ग) : पुरातत्व विज्ञान, संग्रहालय विज्ञान और संरक्षण कार्य में प्रशिक्षण निम्नलिखित संगठनों द्वारा प्रदान किए जा रहे हैं :-

पुरातत्व विज्ञान	पंडित दीनदयाल उपाध्याय संस्थान, ग्रेटर नोएडा
संग्रहालय विज्ञान	राष्ट्रीय संग्रहालय संस्थान : कला इतिहास, संरक्षण एवं संग्रहालय विज्ञान, नई दिल्ली
संरक्षण कार्य	राष्ट्रीय सांस्कृतिक संपदा संरक्षण अनुसंधानशाला, लखनऊ

(घ) : भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने कीलाडी में उत्खन्न कार्य किया। वर्ष 2014-15 से वर्ष 2017-18 के दौरान कीलाडी में उत्खन्न कार्यों पर एएसआई द्वारा किए गए व्यय के ब्यौरे निम्नानुसार हैं :-

वित्तीय वर्ष	राशि (रुपए में)
2014-15	7,70,010/-
2015-16	48,50,798/-
2016-17	35,50,000/-
2017-18	22,50,000/-

***